हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 6 मई 2024

04 ये जनता मेरी भगवान मैं इसका पुजारी: शिवराज सिंह



05 ओलंपिक में शामिल होगा योगासन खेल: डॉ जयदीप...





## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में 500 शैक्षणिक पदों पर निकाली भर्ती

**सीहोर।** नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) भोपाल ने टीजीटी और पीजीटी के 500 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार www.navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। पीजीटी के लिए संबंधित विषय में मास्टर डिग्री, साथ में बीएड होना जरूरी है। टीजीटी के लिए बैचलर डिग्री, साथ में बीएड, सीटीईटी पास होना चाहिए।

### सब इंस्पेक्टर के 452 पदों पर भर्ती

**सीहोर।** रेल मंत्रालय ने सब इंस्पेक्टर (एग्जीक्यूटिव) के 452 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार अधिकृत वेबसाइट पर जाकर 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सब इंस्पेक्टर के लिए उम्मीदवार का ग्रेजुएशन जरूरी है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष है। अभ्यर्थियों का चयन कम्प्यूटर आधारित टेस्ट, फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट, फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल टेस्ट के जरिए होगा। लिखित परीक्षा 90 मिनट की होगी।

### अप्रैल के पहले सप्ताह में हुई थी 1 लाख 13 हजार टन गेहूं की खरीदी, अब मंडी में आवक हो गई कम

# चमक विहीन गेहूं खरीदी की मंजूरी, फिर भी सात दिन में सिर्फ 23 हजार टन की आवक

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम अब करीब पूरा हो चुका है। यही कारण है कि केंद्रों पर अब सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि इसके बाद भी जिले के सभी 240 खरीदी केंद्र खुले हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अब समर्थन पर गेहूं की खरीदी का काम करीब पूरा हो चुका है लेकिन फिर भी सभी 240 खरीदी केंद्र चालू हैं। कुछ केंद्र हैं ही जहां दिन में कभी एक तो कभी दो ट्रॉली गेहूं बिकने आ रहा है। बाकी में सन्नाटा पसरा हुआ है। अप्रैल के पहले सप्ताह की बात करें तो उस समय 1 लाख 13 हजार टन गेहूं की खरीदी हुई थी जबकि सरकार ने जब 50 फीसदी चमक विहीन गेहूं को भी लेने के लिए स्वीकृति दे दी तो पिछले सप्ताह में सिर्फ 23 हजार टन गेहूं ही खरीदा जा सका है। समर्थन मूल्य पर गेहूं



खरीदी का काम अब करीब पूरा हो चुका है। यही कारण है कि केंद्रों पर अब सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि इसके बाद भी जिले के सभी 240 खरीदी केंद्र खुले हुए हैं। सरकार ने पहले 7 मई तक खरीदी करने की तारीख तय की थी लेकिन किसानों की सुविधा को देखते हुए इसे बढ़ाकर 20 मई कर दिया गया। फिर भी किसान अब खरीदी केंद्रों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

**खरीदी शुरू होने का पहले सप्ताह में 8 हजार टन की आवक :** समर्थन मूल्य पर खरीदी का काम 20 मार्च से शुरू हुआ। इस बार देखने में आया कि पहले ही दिन से खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा था। यही कारण था कि पहले सप्ताह में उस समय शुरू हुए सभी 231 खरीदी केंद्रों पर केवल 8 हजार 122 टन गेहूं की खरीदी हुई थी।

### 1 से 7 अप्रैल तक केंद्रों पर लगी थीं लंबी कतारें

अप्रैल माह के पहले सप्ताह से खरीदी केंद्रों पर किसानों की भीड़ उमड़ने लगी थी। इस समय खरीदी केंद्रों पर लंबी कतारें देखी जा सकती थीं। कई जगह तो दूसरे दिन किसानों का नंबर आने लगा था। यही कारण रहा था कि इस सप्ताह में सभी 240 खरीदी केंद्रों पर 1 लाख 13 हजार 200 टन गेहूं की खरीदी हुई।

**अब केंद्रों पर सन्नाटा, क्योंकि हो चुकी है काफी खरीदी :** अभी खरीदी केंद्र तो बंद नहीं किए लेकिन किसान भी अब उपज लेकर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह इसलिए भी हो रहा है कि कुछ समय पहले से जब मंडी में गेहूं का भाव 2400 रुपए से अधिक मिलने लगा तो नकद भुगतान होने के कारण किसानों का रुझान मंडी की तरफ हुआ।

### रेट के कारण कम पहुंच रहे किसान

किसानों का समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर कम संख्या में पहुंचने का एक मात्र कारण समर्थन मूल्य है। इस बार समर्थन मूल्य 2400 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है जबकि मंडी में गेहूं का भाव 2450 से 2600 रुपए तक मिल रहा है। यही कारण है कि किसान मंडी में उपज लेकर पहुंच रहा है। दूसरा कारण यह है कि मंडी में किसानों को उपज का नकद भुगतान मिल रहा है।

### मंडी में 2 लाख 47 हजार टन गेहूं की खरीदी

कृषि उपज मंडियों की बात करें तो वहां पर अच्छी खरीदी हो रही है। सीहोर मंडी की बात करें तो यहां पर 25 मार्च से 22 अप्रैल तक 2 लाख 47 हजार 471 टन गेहूं की खरीदी हुई थी। इसी तरह आष्टा में भी रिकार्ड खरीदी हो रही है। यहां पर 1 अप्रैल से 22 अप्रैल तक 2 लाख 21 हजार टन गेहूं की खरीदी हो चुकी थी।

# कलेक्टर, एसपी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतदान की तैयारियों का किया निरीक्षण

### सामग्री वितरण और वापसी की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह तथा पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने जिला मुख्यालय स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में की गई मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण कक्ष, वाहन पार्किंग सहित मतदान के लिए की गई सभी तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली और सभी निर्वाचन संबंधी कार्यों में आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरित करने और वापस जमा करने तथा कर्मचारियों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग के लिए ग्राउंड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को सामग्री वितरित करते समय एवं जमा करते समय चेक लिस्ट के अनुसार सभी सामग्री का मिलान कर लिया जाए। ताकि मतदान दलों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी उपकरण, सुरक्षा बलों की ड्यूटी लगाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्ट्रांग रूम में फायर सेफ्टी के लिए सभी आवश्यक इंतजाम के निर्देश दिए।

### आईसीयू युक्त अस्पताल

गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदान में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या आने पर उनके त्वरित उपचार के लिए आईसीयू बैड युक्त अस्पताल बनाया गया है। इसमें ऑक्सीजन से लेकर आईसीयू की तमाम सुविधा उपलब्ध रहेगी साथ में विशेषज्ञ डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ भी उपलब्ध रहेगा।

### पेयजल एवं कैंटीन की व्यवस्था

मतदान सामग्री वितरण स्थल पर चुनाव में संलग्न अभिलेख की सुविधा के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ थी कैंटीन की भी व्यवस्था की गई है।

**डस्टबिन की उपलब्धता :** चुनाव सामग्री वितरण स्थल पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए नगर पालिका की ओर से अनेक स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था की गई है इसके साथ ही पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी भी लगाए गए हैं। निरिक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले, एसडीएम तन्मय वर्मा और जमील खान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विदिशा लोस में 13 तथा भोपाल लोकसभा में 22 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में

**सीहोर।** तीसरे चरण के अन्तर्गत जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों में छाया, पानी तथा बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की गई है ताकि मतदाताओं को अपनी बारी आने के लिए अधिक इंतजार न करना पड़े। विदिशा संसदीय क्षेत्र में 13 अभ्यर्थी तथा भोपाल संसदीय क्षेत्र में 22 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। कलेक्टर ने बताया कि भोपाल संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत सीहोर विधानसभा में 265 मतदान केन्द्र, विदिशा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत बुधनी विधानसभा में 363 तथा इछावर विधानसभा में 275 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण का मतदान कराने के लिए 4500 से अधिक कर्मचारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# वाटर पार्क में डूबने से भोपाल के नौ वर्षीय बालक की मौत, परिजनों ने बालक के नेत्रदान किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल-इंदौर हाईवे पर स्थित क्रिसेंट वाटर पार्क में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक 9 वर्षीय बालक स्वीमिंग पूल में खेलते-खेलते पानी में डूब गया।

बालक अपने परिवार के साथ वाटर पार्क आया था। मां ने मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिलने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गर्मी में आम दिनों में वाटर पार्क में बहुत भीड़ रहती है और वीकेंड पर यह भीड़ दो गुनी से ज्यादा हो जाती है। जानकारी अनुसार भोपाल के रहने वाले गौरव राजपूत का पेपर ट्रेडिंग का बिजनेस है। वे रविवार सुबह पत्नी अर्चना, 9 साल के बेटे आरुष, 2 साल के बेटे आरव और अपनी भाभी के साथ क्रीसेंट वाटर पार्क आये थे। आरुष वाटर पार्क में कम पानी वाले हिस्से में तैर रहा था। गौरव ऊपरी हिस्से में स्लाइडर पर थे। खेलते-खेलते आरुष पानी में डूब गया। आरुष की मां का आरोप है कि हादसे के बाद उन्हे मेडिकल फैसिलिटी नहीं मिली।



जैसे तैसे बालक को लेकर परिवार के लोग सीहोर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि मृतक की आंखें परिवारजनों ने दान करने का निर्णय लेते हुए नेत्रदान किया। मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी गिरीश दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

### खुशी मनाने आए थे मिला बहुत बड़ा दुख

बालक के पिता गौरव राजपूत ने बताया कि आरुष भोपाल के साकेत नगर स्थित निजी स्कूल से तीसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। संडे एंजॉय करने वाटर पार्क आए थे। बच्चा कम पानी वाले स्विमिंग पूल में एंजॉय कर रहा था। वहां अचानक बच्चा बेहोश हो गया। हमें पता भी नहीं था कि जहां हम इंजॉय करने आए थे लेकिन उनके भाग में बड़ा दुख जुड़ गया।

## कक्षा 5वीं-8वीं की पुनः परीक्षा 3 जून से

**सीहोर।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कलेक्टर को राज्य शिक्षा केंद्र ने पत्र लिखा है। कक्षा 5वीं और 8वीं की पुनः परीक्षा 3 जून से 8 जून के बीच होगी।

राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी जो अनुत्तीर्ण हो गए हों या अनुपस्थित रहे हों उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कराकर मूल्यांकन किया जाए। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केंद्र जनशिक्षा केंद्र पर ही निर्धारित किए जाएंगे। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केंद्र राज्य शिक्षा केंद्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में स्पष्ट है कि परीक्षा केंद्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किए जा सकेंगे।

## 1040 गांव में स्कूलों के माध्यम से चलाया गया जागरूकता अभियान

**सीहोर।** जिले में सर्वाधिक मतदान कराकर प्रदेश में सीहोर जिले को नंबर वन बनाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह के निर्देश पर जिले में एक मई से चलें बूथ की ओर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां चलाकर प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। चलें बूथ की ओर अभियान के तहत तीसरे दिन ज़िले के 1040 ग्रामों में स्कूल शिक्षा विभाग ने 50000 से ज्यादा ग्रामीण जनों एवं पालकों के सहयोग से प्रभात फेरी, मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदान में सीहोर को नंबर 1 बनाने के लिए सभी को जागरूक किया।



इसी प्रकार जिले के 1040 ग्रामों में स्थित 1532 विद्यालयो के स्टाफ, अभिभावक, एसएमडीसी सदस्यो, ग्राम में पदस्थ शासकीय अमले के साथ मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला, प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। मानव श्रृंखला और प्रभात फेरी में 60000 लोगों ने सहभागिता की।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमला बोला



**सीहोर।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सीहोर के श्यामपुर पहुंचे थे, जहां उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर जमकर हमला बोला।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने श्यामपुर में बड़ा बयान देते हुए कहा कि आज देश 25 साल पीछे पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी करके देश को पीछे पहुंचा दिया। नोटबंदी से किसी को फायदा पहुंचा क्या? नोट छपवाने में पैसे अलग लग गए और देश भर में लोगों ने परेशानी उठाई। पटवारी ने कहा कि जैसे चाइना के माल की कोई गारंटी नहीं होती, वैसे ही पीएम मोदी की गारंटी की कोई गारंटी नहीं है। जीतू पटवारी ने अपने ऊपर हुई एफआईआर को लेकर मोहन सरकार पर हमला बोला, भाजपा ने उनके खिलाफ चुनाव आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई है। पटवारी ने इसे लेकर मोहन सरकार पर निशाना साधा है। जीतू पटवारी ने सीएम मोहन पर हमला करते हुए कहा, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुझ पर एफआईआर करा दी, उन्हें मुझको जेल भेजना है, मैं जेल जाने के लिए तैयार हूं। मुझे पर तीन एफआईआर करा दी...आज, कल और एक पहले कराई है।

मैं दुष्कर्म पीड़िता के गांव पहुंचा तो एफआईआर करा दी, चुनाव में मैंने कहा बीएसपी और बीजेपी की सांठ-गांठ है, इस पर एफआईआर करा दी गई। जीतू पटवारी ने कहा कि विपक्ष का काम कांग्रेस करेगी। कांग्रेस न डरी है और न डरेगी। जनता को सब दिख रहा है, जनता इसका जवाब चुनाव में देगी। भाजपा शिवाय झूठे लुभावने आश्वासन के अलावा जनता को कुछ नहीं दे रही है। जनता भाजपा की कथनी ओर करनी को समझ गई है। किसी को लाभ नहीं हो रहा है। महंगाई आसमान छू रही है। भाजपा लोगों को आपस में लड़ाने के अलावा कुछ नहीं कर रही है।

### पार्टी, अभ्यर्थी के बाहरी कार्यकर्ताओं को विधानसभा क्षेत्र छोड़ना होगा

# चुनाव प्रचार थमा, आज होगी मतदान सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तीसरे चरण में विदिशा एवं भोपाल संसदीय क्षेत्र के लिए 7 मई को मतदान होगा। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व अर्थात 5 मई 2024 के साम 6 बजे से 7 मई 2024 की साम 6 बजे तक जिले में सार्वजनिक सभाओं, जुलूस एवं अन्य प्रचार आयोजनों को प्रतिबंधित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 7 मई 2024 को होने वाले मतदान के दृष्टिगत जारी आदेश के अनुसार वर्णित अवधि में किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभाएं एवं जुलूस आयोजित नहीं होंगे या इस प्रयोजनार्थ चुनाव प्रचार हेतु व्यक्तियों या व्यक्तियों का समूह एकत्रित नहीं होगा। परन्तु घर-घर जाकर बिना भीड के जनसम्पर्क प्रतिबंधित नही रहेगा। चलचित्र, टेलीविजन, संगीत समारोह, नाट्य अभिनय या अन्य कोई मनोरंजन के साधनों से जनता के समक्ष किसी निर्वाचन सम्बन्धी बात का प्रचार नहीं करेंगे।

### धर्मशाला, लाज, होटल, रिसोर्ट में बाहरी लोगों को नहीं ठहरा सकेंगे

प्रतिबंधित अवधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्ति क्षेत्र में एक साथ न तो एकत्रित होंगे और न ही आवाजाही करेंगे। निर्वाचन प्रचार हेतु समस्त अनुमतियां (वाहन सहित) 5 मई, 2024 को सांय 6:00 बजे से स्वतः ही समाप्त हो जायेंगी। प्रचार अवधि समाप्त होने के तत्काल पश्चात ऐसा व्यक्ति या राजनैतिक प्रतिनिधि / पार्टी कार्यकर्ता या अन्य व्यक्ति जो बाहर से किसी पार्टी / अभ्यर्थी के प्रचार-प्रसार हेतु लाये गये हैं और उस विधानसभा क्षेत्र के वोटर नही हैं, वह उस विधानसभा क्षेत्र में नहीं रह सकते हैं और उन्हे तत्काल सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र छोड़ना होगा।

**थाना प्रभारी करेंगे होटल-लॉज का निरीक्षण :** धर्मशाला, लाज, होटल, रिसोर्ट, मेरिज गार्डन, परिणय वाटिका के संचालक किसी भी बाहरी व्यक्ति जो किसी अभ्यर्थी / दल के पक्ष में चुनाव प्रचार कार्य में संलग्न हैं और वह उस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं है, को अपने परिसर में नही ठहराऐंगे। संबंधित थाना प्रभारी इसका पालन उक्त परिसरों का निरीक्षण कर सुनिश्चित करेंगे तथा ठहरने वालों का सत्यापन करेंगे। कोई भी व्यक्ति या वाहन मतदाता वाले दिन सील्ड की गई अन्तर जिला या अन्तर राज्यीय सीमाओं में यथा उपबंधित के अतिरिक्त प्रवेश नही करेगा। चैक पोस्ट में तैनात बल व्यक्तियों की पहचान की जांच तथा उनका सत्यापन करेगा। पुलिस तथा आबकारी विभाग अवैध मदिरा पकड़ने हेतु विशेष अभियान चलाएंगे।




**100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित गतिविधियां :** कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि के भीतर किसी भी प्रकार के राजनैतिक प्रचार हेतु दीवार लेखन , भित्ति चित्र का निशान, झण्डा, बैनर नही लगायेगा और न लगाने का प्रयास ही करेगा। केवल मतदान के दिवस हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अध्यधीन प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वाहन, एक वाहन उसके निर्वाचन अभिकर्ता के लिए तथा एक वाहन उसके कार्यकर्ताओं हेतु (कुल 3) की अनुमति की पात्रता एक अभ्यर्थी की होगी। किसी भी अन्य नेता (राजनैतिक व्यक्ति) को किसी भी अन्य वाहन प्रयोग की अनुमति नही दी जायेगी। अनुमति दिये गये प्रत्येक वाहन में 5 से अधिक व्यक्ति (चालक सहित) नहीं बैठेंगे। दिये गये वाहन अनुज्ञा को सामने विंड स्क्रीन पर मूल प्रति (कलर्ड फोटोकापी नही) चिपकाकर प्रदर्शित करना होगी।

## खबर संक्षेप

### समग्र पोर्टल में आधार ई-केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा समग्र पोर्टल नागरिकों की आधार ई-केवायसी की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा संचालित सभी पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भी आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें।

### सरकारी स्कूलों में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम पढ़ाएंगे

**सीहोर।** प्रदेश में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिये राज्य ओपन स्कूल बोर्ड ने 53 चयनित सरकारी स्कूलों में शुरुआत की है। यह पाठ्यक्रम जून-2022 से पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। पाठ्यक्रम से चयनित स्कूलों के विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीक सिखाने में सहायता मिल रही है। इससे विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। यह पाठ्यक्रम एक विषय के रूप में कक्षा-8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिये प्रारंभ किया गया है। इस कोर्स की अवधि 220 से 240 घंटे निर्धारित की गई है। इसके लिये जिला स्तर के विद्यालय में 40 कम्प्यूटर एवं फर्नीचर से सुसज्जित लैब की स्थापना की गई है। इस लैब में इंटरनेट की सुविधा भी दी गई है।

### किसानों से ई-खसरा खतोनी लेने की अपील

**सीहोर।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर ने ई-खसरा परियोजना लागू की है। किसानों से अपील की गई है कि वे ई-खसरा खतोनी ही लें। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आईटी सेन्टर स्थापित किये गये हैं, जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरूप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही हैं। कृषक अपने खाते की नकल, खेत का अक्श विभागीय बेवसाइट www.mpb-hulekh.gov.in पर निःशुल्क देख सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रचार के अंतिम दिन भैरूंदा, गोपालपुर में जनसभा को किया संबोधित

# ये जनता मेरी भगवान मैं इसका पुजारीः शिवराज सिंह

**पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुझे विधायक के रूप में विदा करना है तो ऐसे विदा करो कि जमाना देखता रह जाए। चुनाव में लोग यही देखेंगे कि जनता शिवराज को कितना प्रेम करती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



बुधनी विधानसभा की जनता तो मेरी भगवान है और मैं इस जनता का पुजारी हूं। यह मेरा परिवार है। इस परिवार ने मुझे हमेशा से प्यार दिया, दुलार दिया है। अब मेरा अपने परिवार से विदाई का समय आ गया है, इसलिए विदाई भी ऐसे देना कि जमाना याद करे। अब मैं दिल्ली जाकर अपनी जनता, अपनी भगवान की सेवा करूंगा। ये बातें मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दोपहर चुनाव सभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले भैरूंदा पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत, सत्कार किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर के नेतृत्व में ढोल-बाजों के साथ उन पर फूलों की बारिश की गई। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी साधना सिंह एवं पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उन्होंने रविवार दोपहर 3.30 बजे सभा की।

### हर बेटी में दिखाई देती है देवी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भैरूंदा के सीएम राइज स्कूल मैदान पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भैरूंदा की जनता से मेरा पुराना नाता है। मैंने अपनी राजनीति की शुरुआत इसी धरती से की थी। पांव-पांव वाले भैया का नाम भी यहीं से मिला। खूब पैदल घूमे। मैंने अपनी जनता का दर्द करीब से देखा है। माताओं, बहनों की परेशानियां समझी हैं। इसी का परिणाम लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाडली बहना योजनाएं हैं, जो आज हमारी माताओं, बहनों, बेटियों को सक्षम बना रही है। हमारी सरकार में मुख्यमंत्री कन्यादान-निकाह योजना शुरू की गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे हर बेटी में देवी दिखाई देती है।

### विकास के कार्यों में नहीं रहने दी कमी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं रखी। हर वर्ग के लिए और हर क्षेत्र में विकास किया। सड़कों का जाल बिछाया। इन सड़कों के माध्यम से गांव से गांव को मिलाया। क्षेत्र में कॉलेज, स्कूल खोले, युवाओं के लिए भी रोजगार की व्यवस्थाएं की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग बोल रहे हैं कि लाडली बहना योजना बंद होगी, लेकिन उनको यह नहीं पता है कि यह भाजपा की सरकार है और भाजपा सरकार में योजनाएं शुरू की जाती हैं यहां पर कोई भी योजना बंद नहीं होती है। लाडली बहना योजना भी बंद नहीं होगी।

### विदाई ऐसी करो कि जमाना देखे

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुझे विधायक के रूप में विदा करना है तो ऐसे विदा करो कि जमाना देखता रह जाए। चुनाव में लोग यही देखेंगे कि जनता शिवराज को कितना प्रेम करती है। इससे बाकी लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी कि अच्छा काम करो, फिर जनता प्रेम करेगी। इस चुनाव को भाई नहीं लड़ रहा है, मेरी बहनें लड़ रही हैं। ये बुधनी की परीक्षा की घड़ी है। सब शिवराज बन जाओ। बहनें घर में कह दो, हम प्रचार करेंगे। भाइयों, तुम भी निकल पड़ो। तुमको पांच साल तक शिवराज सेवा देगा। सब शिवराज बनकर चुनाव लड़ो। सभी बहनें वोट डालने जाओ, चुनाव को उत्सव बना दो। बाहर अगर कोई गया है तो उन्हें वोट डलवाने बुला लो। अपने-अपने गाँव में सभी को समझाओ, कांग्रेस को वोट देने का कोई मतलब नहीं है। मैंने सभी का भला किया है। 100 प्रतिशत मतदान करवाओ।

### कांग्रेस ने ऐसा क्या किया, जिसे वोट दें


पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ऐसा क्या काम किया, जिसको वोट देना चाहिए। एक भी वोट नहीं जाना चाहिए कांग्रेस पार्टी को। कांग्रेस ने देश को और इनके नेताओं ने मध्यप्रदेश का बंटाढार कर दिया था। इन्होंने श्रीराम मंदिर के निर्माण में भी अड़ंगे लगाए और ये तो इतने पापी हैं कि श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ही ठुकरा दिया।

### युवा मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

भैरूंदा में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार के नेतृत्व में बाईक रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता मोटर साइकिल पर भाजपा का झंडा लगाकर पहुंचे। बाइक रैली भोपाल रोड नहर चौराहे से शुरू हुई, जो दुर्गा मंदिर से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंची।



# पोस्टकार्ड भेजकर मतदान के लिए किया जा रहा है आमंत्रित


॥सादर सूचना॥

**सीहोर।** जिले में कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देश पर अधिक से अधिक मतदान कर सीहोर जिले को नंबर वन बनाने के लिए पूरे जिले में अनेक मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक मतदाताओं से संपर्क कर 7 और 13 मई को होने वाले मतदान में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए निमंत्रण पत्र देने, शपथ पत्र भरवाने तथा पीले चावल देकर आमंत्रित करने से लेकर अनेक माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। जिले के अनेक ऐसे मतदाता जो अपने व्यवसाय या कामकाज के लिए अपना गांव अपना घर छोड़कर अपने विधानसभा क्षेत्र या जिले के बाहर चले गए हैं, उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित करने के लिए पोस्टकार्ड प्रेषित किए जा रहे हैं।

## बरखेड़ी-हीरापुर रोड पर मुसीबत बने गड्ढे, लोगों को हो रही परेशानी जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत बरखेड़ी से हीरापुर जाने वाली सड़क पर कई जगह पर गड्ढे हो जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिंद बाबा के मंदिर के पास रोड के बीचो-बीच एक बड़ा गड्ढा हो गया है, जिसके कारण तेज रफ्तार से आने वाले वाहन गड्ढे में असंतुलित हो जाते हैं। इस मार्ग पर कई लोग हादसों का शिकार होते हैं। प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## बीएसआई पर जारी पांच मैचों की श्रृंखला में डीसीए 3-1 से आगे

# हरफनमौला चेतन मेवाड़ा के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत डीसीए ने यंग स्टार को चार विकेट से हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई पर खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे रोमांचक मैच में डीसीए की टीम ने यंग स्टार को मैच के अंतिम ओवर में चार विकेट से हराकर 3-1 से बढ़त हासिल की है। इस मैच में शहर के हरफनमौला खिलाड़ी चेतन मेवाड़ा ने मात्र 28 गेंद पर 41 रन और चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट हासिल किए थे। मैच के अंत में सीनियर खिलाड़ियों ने आज के मैच के हीरो चेतन को मैन आफ द मैच प्रदान किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को खेले गए इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 166 रन बनाए थे।

इसमे नीरज मेहरा ने 20 गेंद पर 17 रन, रशीद ने 17 गेंद पर 29 रन, संजय पेशवानी ने 24 गेंद पर 21 रन, नदीम ने पांच गेंद पर 15 रन, नासिर ने चार चौके और चार छक्कों की मदद से 26 गेंद पर 31 रन बनाए थे। वहीं डीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए चेतन मेवाड़ा ने चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट, वीरु वर्मा ने चार ओवर में 16 रन देकर दो विकेट, अभिषेक परसाई, मदन कुशवाहा, हेमंत केसरिया ने एक-एक विकेट हासिल किया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसीए ने 19.4 ओवर में छह विकेट खोकर लक्ष्य का हासिल किया।

इसमें वीरु वर्मा ने 19 रन, हितेश ने 26 गेंद पर 33 रन, सुनील जलोदिया ने 18 गेंद पर 24 रन, चेतन मेवाड़ा ने 28 गेंद पर 41 रन के अलावा अभिषेक परसाइ ने 11 गेंद पर 11 रन बनाए थे। इधर यंग स्टार की ओर से आदित्य नाविक ने चार ओवर में 27 रन देकर दो विकेट, ताहिर ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट और नादिम ने तीन ओवर में 23 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। सीरिज का अंतिम मैच आगामी रविवार को खेला जाएगा।

### रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन अब 20 मई तक

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य के लिए पूर्व जारी अंतिम तिथि 07 मई से बढ़ाकर अब 20 मई निर्धारित की गई है। कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 20 मई, 2024 तक बढ़ाई जाती है। इस आशय के आदेश खाय, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किये गये है। अब जिले में समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन का कार्य 20 मई तक किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत बिजौरा में प्याज की खुदाई शुरूः अच्छी तरह प्याज पकाने के लिए मिट्टी में दबा रहे किसान



**सीहोर।** ग्राम पंचायत बिजौरा मे प्याज की खेती बड़े स्तर पर की जा रही है। किसानों ने बताया कि प्याज की फसल पककर तैयार हो चुकी हैं, हर साल से इस बार प्याज की फसल में बढ़त देखने को मिली है। यह किसानों के लिए अच्छी बात है। किसान अब प्याज को खोदकर किसान मिट्टी में दबा रहे हैं, ऐसा करने से जो प्याज कम पकी है वह अच्छी तरह से पक जाएंगी और उनकी गुणवत्ता बढ़ जाएगी। 5-6 दिन बाद मिट्टी में दबे हुए प्याज को निकाल कर कटाई की जाएगी। किसान दिनेश मालवीय ने बताया कि वे पिछले 8 वर्षो से प्याज की खेती कर रहे हैं और हर वर्ष इसी तरह से प्याज को खोदकर मिट्टी में दबा देते हैं, जिससे प्याज अधिक समय तक खराब नहीं होता है। और उनके पत्ते सुख जाते है । किसान दिनेश सिंह ने बताया की अभी मंडी में प्याज का भाव 1100-1400 रुपए क्विंटल तक बिक रहा है, आने वाले 2 महीने में भाव बड़ सकता है।

### सड़कों पर गंदा पानी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**सीहोर।** जिला जनपद के ग्राम पंचायत बमुलिया में पीएचई विभाग और ग्राम पंचायत की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। गांव की नल जल योजना में गांव में कई जगहों पर नलों में टोटी नहीं लगाई गई है, जिसकी वजह से हररोज कई लीटर पानी बर्बाद हो रहा है और वहीं, पानी गांव की सड़कों में जमा हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा हो रही है। सड़कों पर गंदा पानी जमा होने से मच्छर पनप रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में डेंगू मलेरिया होने का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के समय में पानी की इतनी कमी होने के बावजूद भी ग्राम पंचायत पानी की बर्बादी को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की सड़कों पर बहने वाले पानी की समस्या का निराकरण शीघ्र अति शीघ्र किया जाये।

## छह सालों से किया जा रहा है भंडारे का आयोजन, मंदिर से जुड़ी है लोगों की गहरी आस्था

# खेड़ापति हनुमान मंदिर मे विशाल भंडारे का आयोजन हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर किया प्रसाद ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण की। मंदिर समिति द्वारा भंडारे का आयोजन लगातार पिछले छः सालों से किया जा रहा है।

शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। मंदिर समिति द्वारा पिछले छः सालों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है । ऐसे में मंदिर में हमेशा श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। समय समय पर धार्मिक अनुष्ठान एवं विभिन्न आयोजन होते रहते है।

### श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र हैं खेड़ापति हनुमानजी

मंदिर समिति सदस्यों का कहना है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर में क्षेत्र के लोगो की गहरी आस्था है। जो लोग सच्चे मन से हनुमानजी की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगते है , उनकी हर मनोकामना निश्चित रूप से पूर्ण होती है।

### आकर्षक रूप से की गई मंदिर की सजावट

जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में विशेष साफ - सफाई कर इसकी आकर्षक रूप से सजावट की गई थी। खेड़ापति सरकार का विशेष श्रंगार किया गया । इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## संत सिरोमणी 1008 श्री सेनजी महाराज की 724वीं जयंती मनाई




**सीहोर।** सेन कुटी आश्रम गंज सीहोर में हजारों सेन समाज बंधुओं की उपस्थिति एवं अतंराष्ट्रीय संत परमगोभकत पंडित मोहित राम पाठक, समाज सेवी और राठौर क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष सतीश राठौर और क्षैत्रिय पार्षद की गरिमामय उपस्थिति में मनाई गई। सर्वप्रथम सैनजी की आरती के वाद कुटी से झंडा यात्रा निकाली जो हनुमान मंदिर पर सम्पन्न हुई। विभिन्न समाज के वक्ताओं में रामगोपाल सेन प्रांताध्यक्ष शासकीय अधिकारी कर्मचारी जनकल्याण संघ द्वारा सेन जी ओर नारायणी मातारानी के वारे समाज जन को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन समाज अध्यक्ष तुलसीराम सेन और प्रदर्शन महेश वगवैया ने माना सहभोज के वाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारी संख्या में समाज के पुरुष और माता बहनें उपस्थित रहीं।

### चौथा राष्ट्रीय योगासन जज प्रोग्राम लेवल 1,2,2+का आयोजन

# ओलंपिक में शामिल होगा योगासन खेलः डॉ जयदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




योगासान भारत के तत्वावधान में 29 अप्रैल से 3 मई तक साई एन एस एन आई एस पटियाला में हुआ जिसके समापन आज हुआ समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री विनीत कुमार साइ कार्यकारी निदेशक एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 180 से अधिक सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से आए जजों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जो योगासन खेल से संबंधित आने वाली प्रतियोगिताओं में जजिंग का कार्य करेंगे जिसमें स्टेट प्रतियोगिता नेशनल योगासन प्रतियोगिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता योगासन खेल से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए जिसमें योगासन प्रतियोगिता में होने वाली बारीकियो के बारे में और तकनीकी जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया और योगासन भारत द्वारा योगासन खेल को 12 इवेंट में कराया जाता है इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई योगासन सत्र के दौरान ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना, प्रवीण और उनके कोच द्वारा भी उनके बॉक्सिंग खेल मैं कितना सुधार उन्होंने किया आसन, प्राणायाम, ध्यान के माध्यम से इसके बारे में बॉक्सर खिलाड़ी लवलीना ने विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने कहा योग से हमारा शरीर फ्लैक्सिबल रहता है सूर्य नमस्कार से हमारा वार्मउप हो जाता है।

मेडिटेशन और प्राणायाम से हम कंसंट्रेट रहते हैं और हमारी इम्यूनिटी पावर बढ़ जाती है इसलिए प्रत्येक खेल के खिलाड़ी को अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए वही योगासन भारत के महासचिव डॉक्टर जयदीप आर्य ने अपने उद्बोधन में कहा योगासन खेल बहुत जल्द ही ओलंपिक में शामिल किया जायेगा जिससे हमारे भारत के समस्त योग के खिलाड़ी हमारे राष्ट्र के लिए मेडल जीतकर योग खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पूरे विश्व में अपने देश का नाम रोशन कर सकेंगे, समापन सत्र के दोरान साई कार्यकारी निदेशक विनीत कुमार ने कहा की योग से हम शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक रूप से हमारा विकाश होता है साथ मैं ही एकता भाव भी हमारे बीच विकसित होता है योगाचार्य महेश पाल ने जानकरी देते हुए बताया कि इस प्रोग्राम में विशिष्ट अतिथि डॉ संजय मालपानी उमंग डॉन, डॉ एम निरंजन, सी वी जयंती, डॉ आरती पाल ,योगासन भारत कोषाध्यक्ष रचित कौशिक कार्यकारी परिषद के सदस्य रोहित कौशिक साईं NS, NIS मैं योगासन के मुख प्रशिक्षक डॉ सी के मिश्रा, शमील मोन कलङ्गोत, अभिजित बोष,एवं श्रेयस् मार्तंड, पारुल शर्मा इस कार्य क्रम मैं उपस्थित रहे।

## राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने सारंगपुर में किया आमसभा को संबोधित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर


राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गेहलोत शनिवार को 4 बजे सारंगपुर पहुंचे और सभा को संबोधित किया। साथ ही मंच पर उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, रामेश्वर निखरा, दीपक जोशी, कुणाल चौधरी मौजूद रहे। गहलोत ने मंच से संबोधित करते हुए इलेक्ट्रोल बांड को दुनिया का सबसे बड़ा घोटाला बताया। हालत बहुत चिंताजनक है इन्होंने दो करोड़ नौजवानों को नौकरी देने की, काले धन की बात की थी। ईडी आ गई सीबीआई आ गई। देश की वित्तमंत्री के पति खुद कहते हैं कि इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला है। उन्होंने कहा कि लोगों में उत्साह नहीं है। केंद्र सरकार अब भैंस पर आ गई है कह रहे है आपकी भैंस कांग्रेस ले लेगी। फिर कह रहे कांग्रेस जीतेगी तो पाकिस्तान बहुत खुश होगा। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होंने कांग्रेस कि 5 गारंटी के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दीपक जोशी, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय,रामेश्वर निखरा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मीना मालवीय कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, पूर्व सांसद नारायणसिंह पंवार, पूर्व नपा अध्यक्ष प्रदीप सादानी, जगदीश सैनी, पूर्व आईएएस जीपी माली सहित दो दर्जन कांग्रेसी नेता मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडव्होकेट ओपी विजयवर्गीय ने किया।

## अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बराई थाना चंदेरी निवासी सतेन्द्र बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी आंनद बैरागी और रीना बैरागी पति पत्नी दोनो ने प्राइड कालोनी अषोकनगर मे उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊर्जा कालोनी निवासी राजपाल केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी सतपाल केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत प्लेटफार्म नंबर 2 के पीछे मुंगावली निवासी सरोजबाई बागडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी रघुवीर और लखन बागडी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा जमाल निवासी रीता बाई पत्नी कल्याण सिंह केवट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी यषवंत गुर्जर राधामोहन गुर्जर ने उसके घर के आगे उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रतवास निवासी गेंदा बाई आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी नीलम आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिन्कूपुर निवासी कुसुम देवी पत्नी देवीसिंह बागडी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी बागडी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कलारीपुरा निवासी मुनेष पुत्र जगनी जाटव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी करण जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## रघुकुल सेवा समिति ने कराया नारों का लेखन

**नईसराय।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ.नेहा जैन के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद अशोकनगर जिला समन्वयक अनिता जाटव ईसागढ़ विकास खण्ड समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक के सानिध्य में नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति सेक्टर क्रमांक 5 नईसराय द्वारा अपने सेक्टर के ग्रामों में 07 मई 2024 को वोट करेगा अशोकनगर थीम पर मतदाता जागरूकता के लिए नारों व स्लोगन का लेखन किया जा रहा है नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विपिन रघुवंशी द्वारा ग्रामीणों को पीले चावल देकर वोट डालने का आमंत्रण दिया जा रहा है।




## कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा 5 जून से होगी प्रारंभ

### राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी किए निर्देश

**ब्यावरा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा 5 और 8 की पुनः परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला कलेक्टर्स को राज्य शिक्षा केन्द्र ने पत्र लिखा है। कक्षा-5 और 8 की पुनै परीक्षा 3 जून से 8 जून के मध्य होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रोजेक्ट कार्य के अंकों की प्रविष्टि के संबंध में कहा है कि ऐसे परीक्षार्थी, जो अनुत्तीर्ण हो गये हों या अनुपस्थित रहे हों, उन छात्रों के प्रोजेक्ट कार्य 15 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा कर मूल्यांकन किया जाये। इन कक्षाओं के पुनः परीक्षा केन्द्र जनशिक्षा केन्द्र पर ही निर्धारित किए जाएं। छात्रों की संख्या 500 से अधिक होने पर दूसरा परीक्षा केन्द्र राज्य शिक्षा केन्द्र की अनुमति से बनाया जा सकेगा। निर्देशों में कहा गया है कि परीक्षा केन्द्र तक परीक्षार्थियों को पहुंचाने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख और शिक्षकों का होगा। परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी राज्य शिक्षा केन्द्र के जिला समन्वयक से भी प्राप्त की जा सकती है।

### आमजन को किया आगाह

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं : विद्युत वितरण कंपनी

**ब्यावरा।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन से आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट होने पर उसे हल्के में न लें बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में आमजनों का भी सहयोग जरूरी है।

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानि से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आम उपभोक्ता को पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, जिससे शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर या उपाय एप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में सूचना अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच आदि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, ताकि शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।


## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**जीरापुर।** परोलिया से आगे भानपुरा-जीरापुर जोड़ पर एक कार चालक ने मोटरसाइकिल चालक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी हरी सिंह पिता भंवरलाल दांगी निवासी भानपुरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी कार चालक ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक तरीके से मेरी मोटरसाइकिल में टक्कर मारी जिससे मुझे चोटे आई तथा कलीम खान को चोटों के कारण मृत्यु हुई।

फरियादी ने बताया कि सफेद रंग कि स्प्रेशो कार चालक ने तेज गति एवं खतरनाक टक्कर मारी कि कलीम खान निवासी टुटियाखेड़ी की मौत हो गई। पुलिस ने 279 , 337 , 304-। आईपीसी एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया तथा मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से एक्स प्रो कार को अपने कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## चोरी करने का अनोखा तरीका कंबल ओढ़ कर की चोरी बावजूद सीसीटीवी में हुआ कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर एवं क्षेत्र में लगातार चोरी का सिलसिला जारी है। लगभग एक माह में तीन चार जगह पर चोरों ने चोरी को अंजाम दिया। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरों ने शुक्रवार की मध्य रात्री में आवास कॉलोनी स्थित एक किराना की दुकान में मकान के पीछे की खिड़की तोड़कर दुकान में घुसकर नकदी और सामान चुराया।

दुकानदार ने जब सुबह दुकान खोली तो उसे चोरी के बारे में पता चला। तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसमें उल्लेख किया कि मेरी दुकान जोकि सुरेश कुमार श्रीनाथ दास गुप्ता के नाम से आवास कॉलोनी हटिले हनुमान मंदिर के सामने स्थित है। शुक्रवार की रात्री में पड़ोस के मकान की छत पर चढ़कर दूसरे पड़ोसी की छत पर चोर चढ़ा जहां से एक रस्सी काटी तथा दूसरे पड़ोसी की छत से कंबल तथा साड़ी लेकर उस साड़ी के सहारे से दुकान में घुसा एवं साड़ी बांधकर नीचे उतरा तथा चोरी को अंजाम दिया। तब दुकान के पीछे के हिस्से कि खिड़की भी तोड़ी। दुकान में जब चोर घुसा तो सीसीटीवी कैमरे में कम्बल ओढ़े दिख रहा है। ओर दुकान में से नगदी रुपए एवं सामान लेकर गए हैं। जब सुबह दुकान मालिक दुकान खोलने आए तो देखा कि दुकान के अंदर पिछै की खिडकी टुटी हुई है जिसमे दुकानदार ने बताया कि गुल्लक में रखे रूपये करीब सत्तर हजार व अन्य सामान गायब था। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चमार उमरिया गांव में बाल विवाह रुकवाने पहुंची टीम को मिली धमकी

## 15 साल की दुल्हन, 20 साल के दूल्हे की हो रही थी शादी, टीम ने पहुंचकर रुकवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



लटेरी तहसील के अंतर्गत ग्राम चमार उमरिया गांव में नाबालिक किशोरी का बाल विवाह किया जा रहा था। सूचना पर बाल विवाह रुकवाने वाली टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और महिला बाल विकास विभाग के सदस्यों के साथ लटेरी के ग्राम चमार उमरिया पहुंचकर विवाह को रोकने का प्रयास किया। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दीपा शर्मा ने बताया कि टीम के सामने काफी परेशानी आई। ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया और जान से मारने की धमकी भी दी। यहां तक की बंधक बनाने का प्रयास भी किया गया। बाद में उनारसी कला थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ा। काफी समझाइश देने और बाल विवाह की दुष्परिणामों के बारे में बताने के बाद परिवार विवाह को टालने के लिए तैयार हुआ।

## 1341 बीयू, और इतनी ही सीयू और वीवीपीएटी उपलब्ध हुईं

**विदिशा।** लोकसभा निर्वाचन के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद जिले की पांचों विधानसभाओं के लिए ईवीएम व वीवीपीएटी आवंटित की गईं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ने बताया कि जिले के सभी 1341 मतदान केन्द्रों के लिए विदिशा जिले में 1341 (बीयू) यूनिट्स, 1341 (सीयू) यूनिट्स एवं 1341 वीवीपीएटी यूनिट्स आवंटित की गई हैं। जबकि 263 बीयू और 263 सीयू यूनिट्स तथा 396 वीवीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। संसदीय क्षेत्र क्रमांक 18 विदिशा अंतर्गत आने वाली विदिशा विस के लिए अलग-अलग 276-276 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स आवंटित हैं के अलावा 54-54 बीयू और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में रखी गई हैं। इसके अलावा बासौदा विधानसभा के लिए क्रमशः 262-262 अलग-अलग बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स के अलावा 51-51 बीयू यूनिट्स और कंट्रोल यूनिट्स तथा 81 व्हीव्हीपीएटी यूनिट्स रिजर्व में है।

## नाश्ते के पैसे लेनदेन में गाली गालौज मामला दर्ज

**ब्यावरा।** थाना अंतर्गत नाश्ते के पैसों के लेने के चक्कर में दो दोस्त आपस में भिड़ गए। उन्होंने आपस में एक दूसरे को गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर ब्यावर सिटी थाना पुलिस ने जगदीश पिता कालूराम उम्र 31 साल निवासी पुनीता टॉकीज सुठालिया रोड ब्यावरा के कहने पर अरविंद गुर्जर और घनश्याम गुर्जर पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने धारा 294 323 506 34 आईपीसी के तहत यह मामला दर्ज किया।

## आरोन पत्रकार संघ ने दिलाई मतदान की शपथ

**आरोन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेंद्र सिंह के निर्देशन में निकाय आरोन द्वारा चले बूथ की ओर अभियान अंतर्गत शनिवार को आयोजन किया गया। जिसके क्रम में नगर आरोन क्षेत्र अंतर्गत गुलाब गंज चौराहे पर मतदान अवश्य करें शपथ का आयोजन किया गया। जिसमे पत्रकार परमार सिंह राजपूत के द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई एवं सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त अभियान/स्वीप गतिविधि में नोडल अधिकारी जिगर शेख, कार्यालय समस्त कर्मचारी, समस्त पत्रकार बन्धु, नगर आरोन के आम नागरिक उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से गांजा रखने पर मामला दर्ज

**ब्यावरा।** सुठालिया थाना अंतर्गत आरोपी अपने आयशर ट्रक में गांजा रखे होने पर पुलिस ने राहुल पिता पदम सिंह को एवं पीरु उर्फ विरू राजपूत पिता मेहरबान सिंह राजपूत ढाबली थाना खिलचीपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 66 किलो 200 ग्राम गांजा जिसकी कीमत 6 लाख 62 हजार तथा आयसर गाड़ी की कीमत को मिलाकर 15 लाख का मशरूका जप्त किया है। पुलिस ने 8/20 एनडीपीसी एक्त के तहत सरकारी थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

## चेतावनीः इस बार तापमान 45 डिग्री के भी पार पहुंच सकता है!

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मई की शुरुआत होते ही भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शहर में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने तेज गर्मी की संभावनाएं जताई है।

पिछले दिनों अप्रैल के महीने में बेमौसम बारिश का दौर चला था, जिससे तापमान में कमी देखी गई थी। अब मौसम का मिजाज बदल गया है। गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल रहे हैं। सुबह से ही गर्मी पड़ रही है, लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकल रहे है। गर्मी के चलते दोपहर के समय बाजार में सन्नाटा छाने लगा है।

शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में तापमान में भी वृद्धि होने की संभावना है। अनुमान है कि आगामी दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। जिले में तापमान 45 डिग्री या इससे ज्यादा पहुंच सकता है।

## पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जिला प्रशासन, नगरीय निकाय एवं अन्य विभागों द्वारा स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। चलें बूथ की ओर अभियान की मंशानुरूप विदिशा जिले में जन-जागरूकता कार्यक्रमों, रैलियों के साथ साथ ग्रामीण, व्यापारी वर्ग एवं पथ विक्रेताओं को पेम्पलेट एवं पीले चावल देकर 7 मई को मतदान करने की अपील की जा रही है। खेजड़ा चक आदिवासी बाहुल्य बस्ती में मनुहार पाती एवं पीले चावल देकर स्वीप प्लान अन्तर्गत घर घर जाकर आमंत्रण पत्र वितरित किए।।

## शत प्रतिशत मतदान के लिए घर-घर पहुंचकर दिया निमंत्रण



**छापीहेड़ा।** नगर परिषद छापीहेड़ा द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं कि शत प्रतिशत मतदान ही लोकतंत्र को मजबूत बनता है। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदान किए जाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा के निर्देश अनुसार नगरीय क्षेत्र छापीहेड़ा में अधिक से अधिक मतदान किए जाने हेतु नगर के सभी वार्ड के घरों में जाकर पीले चावल देकर मतदाताओं को आमंत्रित किया। ओर अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरि ओम शर्मा निकाय कर्मचारी जमील खान मंसूरी पंकज कुमार शर्मा कुशाल सिंह दांगी तारा तोमर रुखसाना छाया शर्मा कविता पटेल दीपा चैरसिया एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं ने मारी बाजी

### दसवीं, आठवीं, पांचवी कक्षाओं में रहीं अव्वल





**ब्यावरा।** नगर की प्रतिष्ठित एवं संस्कार युक्त शैक्षणिक संस्था सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यावरा का कक्षा दसवीं आठवीं एवं पांचवी का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा दसवीं में दिशा पवार ने 500 में से 441 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुमन दांगी ने 500 में से 439 अंक प्राप्त कर 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राधा कारपेंटर ने 500 में से 422 अंक प्राप्त कर 84 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में बहन भावना यादव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान एवं कक्षा पांचवी की बहन श्रद्धा दांगी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उनको शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जिला न्यायाधीश ने किया रक्तदान, अन्य ने ली प्रेरणा



**21 यूनिट ब्लड हुआ एकत्रित**

**राजगढ़।** जिला चिकित्सालय स्तिथ ब्लड बैंक में काफी समय से ब्लड की कमी बनी हुई है। इसी को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तिगत रूप से लोगों द्वारा कैंप लगाकर इस कमी को दूर करने के प्रयास जारी हैं। इसी कड़ी में न्याय विभाग द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश राजीव कर्महे ने सबसे पहले आगे आते हुए रक्तदान किया। उनसे प्रेरणा लेकर अन्य न्यायाधीशों और कमचारियों ने भी ब्लड डोनेट किया। इस तरह शिविर में अलग-2 ग्रुपों का कुल 21 यूनिट ब्लड एकत्रित हो गया।

**इन्होंने किया रक्तदानः** इस शिविर में न्यायाधीश निवेदिता मुदगल, हरिओम प्रजापति, विक्रम गुजर, चंद्रप्रकाश पाटोदिया, नाजनीन अल्ताफ, खालिद मंसूरी, रामबाबू गुर्जर, मोतीलाल वर्मा, योगिराज, सचिन द्वेदी, सुमित शर्मा, ओमप्रकाश अहिरवार, वसीम खान, संजय साहू, अरुण सतालकर, गिराज, सुनील शर्मा, शुभम अग्रवाल, नरेंद्र, हरिओम पिपलोटिया सहित अन्य ने रक्तदान किया।

खबर संक्षेप

## प्रकृति का साहचर्य शुभ संकल्प प्रदान करता है: स्वामी संगम गिरी

**आष्टा।** कश्मीर भारत की संस्कृति का अभिन्न अंग हैपवित्र मन से प्रकृति के साहचर्य में रहिये आपका पर्यटन तीर्थाटन का रूप ले लेगा। कल्हण की भूमि कश्मीर भारत का मुकुट है पर्वतों पर देवताओं का वास होता है। देव भूमि कश्मीर शंकराचार्य जी की तप और कर्म भूमि रही है यहां से निकली चेतना ने भारत की समृद्ध विरासत को अनेक रूपों में आगे बढ़ाया है। प्रकृति ईश्वर का ही अंश है कश्मीर का नैसर्गिक सौंदर्य स्वर्गिक सुख प्रदान करता है यह हमारे कालुष्य को हरने में सक्षम है यह आशीर्वचन जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज के स्नेहिल आचार्य स्वामी संगम गिरी जी महाराज ने दिए। श्री नगर काश्मीर में विराजित संत संगम गिरी जी महाराज के दर्शनार्थ नगर के युवा दम्पति सपरिवार पहुंचे थे। कहा कि प्रकृति सदैव नवाचार के लिए प्रेरित करती है नवीन विचार और शुभ संकल्प भी आपको यहां प्राप्त होंगे जो पुरुषार्थ करके जीवन मे सफल होने के लिए आवश्यक हैं। जैन श्री संघ के पदाधिकारी कर सलाहकार अभिषेक सुराणा, प्रभु प्रेमी संघ के सक्रिय कार्यकर्ता वीरेंद्र परमार , केमिस्ट एशोसिएशन के सदस्य राहुल सुराणा पुलक चेतना मंच के मोहित कासलीवाल बोहरा समाज के बुरहान सैफी ने सपरिवार स्वामी जी के दर्शन किए।

### कुरकुरे-चिप्स के गोदाम में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

# गोदाम में लगी भीषण आग, रहवासियों और दमकल की मदद से पाया काबू

सेमनरी रोड़ स्थित बालाजी मार्केटिंग कंपनी के गोदाम में दुपहर एक बजे के लगभग आग लग गई। आग लगने की खबर मिलते ही कंपनी के मालिक ने आग लगने की लिखित में शिकायत दर्ज कराई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




बीते दिवस सेमनरी रोड़ स्थित कुरकुरे चिप्स के गोदाम में दिन दहाड़े ही आग लग गई। इसके चलते गोदाम में रखा लाखों रूपए का सामान जलकर खाक हों गया। जिसके कारण दुकान मालिक को बडा नुकसान हो गया। जानकारी अनुसार सेमनरी रोड़ स्थित बालाजी मार्केटिंग कंपनी के गोदाम में दुपहर एक बजे के लगभग आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटे गोदाम से बाहर दूर-दूर तक दिखाई देने लगी। इस दौरान आग लगने की सुचना आसपास के पड़ोसियों ने फायर ब्रिगेड को दी जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया।

तब तक दुकान में रखा बालाजी मार्केटिंग कंपनी का समान आग लगने से जलकर खाक हों गया तो जो आग से बच गया वो आग बुझाने आई फायर ब्रिगेड के पानी से खराब हो गया। वही गोदाम में आग लगने की खबर मिलते ही बालाजी मार्केटिंग कंपनी के मालिक शिवम टेलर महेश्वरी निवासी बुधवारा ने आष्टा थाने में गोदाम में आग लगने की लिखित में शिकायत दर्ज कराई। थाने में गोदाम मालिक शिवम ने लिखित शिकायत में बताया की में बुधवारा आष्टा में रहता हूं बालाजी कंपनी की मार्केटिंग का काम करता हूँ। मेरे गोडाउन सेमनरी रोड आष्टा पर है।दिनांक 30 अप्रैल की दोपहर करीबन 12.00 बजे में मेरे गोडाउन को बंद करके पैसे लेने के लिये ढाकनी मुगली गया हुआ था। मेरे कर्मचारी आष्टा बाजार मे मार्केटिंग का काम करने के लिए चला गया था। दोपहर करीबन 1.00 बजे मेरे दोस्त सोनू विश्वकर्मा ने मुझे फोन कर बताया कि गोडाउन में आग लग गयी है। फिर में ढाकनी, मुगली से आया और साथ में मेरे यहा काम करने वाले मेरे कर्मचारी भी गोडाउन पर आ गए। जहां पर मेरे पडोस में रहने वाले शिवराज, नितिन जैन, अक्षित झंवर, लारेन जैन भी आ गये। हम सभी ने आग बुझाने की कौशिश की लेकिन आग नहीं बुझ रही थी। तभी पारस पुरी ने फायर ब्रिगेड को फोन लगा दिया। जिसके आने पर आग बुझ गयी।

आग शार्ट सर्किट (बिजली फाल्ट होने) के कारण लगी है। आग लगने से मेरे गोडाऊन में रखे मसाला मुरमुरा, भेल मिक्स, गाठिया, पपड़ी, पंजाबी तडका, तिखा मिठा मिचर, एवं खट्टा निहा नमकीन इत्यादी जल गये। जिससे मेरा काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान पटवारी ने मौके पर आकर नुक्सानी पंचनामा तैयार किया है ।

# चुनाव का बहिष्कार करने के बाद प्रशासन ने नहीं की पानी की व्यवस्था

### बूंद-बूंद पानी के लिए हो रही जद्दोजहद



**जावर।** प्रशासन ने पानी की टंकी तो रख दी लेकिन पानी की नहीं की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

जावर नगर के वार्ड 8 और 9 में इन दिनों पेयजल आपूर्ति नहीं होने से आमजन काफी परेशान और प्रभावित हो रहे है। इस विकट समस्या को लेकर वॉर्ड वासियों ने कुछ दिन पूर्व चुनाव का बहिष्कार की चेतवानी दी थी। जिसके बाद प्रशासन और सीएमओ द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए चुनाव बहिष्कार न करने को लेकर समझाइश देते हुए जल आपूर्ति की समस्या के निराकरण के लिए वॉर्ड में पानी की 3 रख कर अगले दिन से ही पानी की सप्लाई का आश्वाशन दिया था। जिससे वॉर्डवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई थी। लेकिन उनकी यह खुशी ज्यादा लंबे समय तक नही रह पाई।

क्योंकि नगर परिषद ने पानी की टंकी तो रखवा दी परंतु अभी तक 2 टंकी में पानी की एक बूंद सप्लाई नही की गईं है। जिससे वॉर्डवासियों में एक बार पुनः आक्रोश व्याप्त हो गया है। वही वार्डवासियों का आरोप है कि पहले नलकूप में पानी सुचारू रूप से आता था। लेकिन पिछले तीन सालों से वॉर्ड के आधे से ज्यादा घरों के नलकूप में पेयजल की एक बूंद नही आ रही है। ना ही नगर परिषद द्वारा पेयजल पूर्ति के लिए कोई वैकल्पिक उपाय किए गए। जिससे जल आपूर्ति हो पाए। अगर वॉर्ड के कुछ नलकूप में पानी आ भी रहा है तो बिल्कुल लो प्रेशर रहता है। वार्ड के अधिकांश परिवार पिछले दो माह से ज्यादा ही पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। सायकल से पानी भर कर ला रहे हैं। वॉर्ड में पानी की बूंद-बूंद के लिए जद्दोजहद हो रही है। पेयजल की सुचारू आपूर्ति न होने से स्थानीय लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

### निजी बोरिंग से पानी खरीद कर चला रहे काम

हाल यह हैं कि स्थानीय लोग पानी इधर उधर से या टैंकर खरीद कर काम चला रहे हैं। वहीं, कुछ लोग रोजाना वाहनों में बाल्टी और बोतल से दूर से पानी भर कर लाते हैं। पानी न होने से घरों में रखे गमलों के फूल सूखने लगे हैं। पानी की आपूर्ति न होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार नगर परिषद में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रशासन इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं कर रहा है। और इन पानी की टंकी को भी भगवान भरोसे छोड़ दिया है। इससे यहां के निवासी काफी परेशान हैं।

## संत शिरोमणि सेन महाराज का जावर में निकला जुलूस, लगाए जयकारे



**जावर।** जावर में पहली बार धूमधाम से निकाला सेन जयंती के उपलक्ष्य में सन्त शिरोमणि सेन जी महाराज का भव्य जुलूस सेन समाज के युवा एवं माता बहने जमकर नाचे ढोल नगाड़ों पर सीहोर जिले की नगर परिषद जावर में सेन समाज द्वारा सेन जयन्ती के उपलक्ष्य में सन्त शिरोमणि सेन जी महाराज का भव्य जुलूस श्रीराम मंदिर प्रांगण जावर से शुरू किया गया जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया इस दौरान नगर के धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं माता मंदिर के पास सेन समाज के वरिस्टजनो द्वारा सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की गई एवं जुलूस में सेन समाज के वरिस्टजन एव युवा साथी और माताए बहने ढोल नगाड़ों पर थिरकते नाचते हुए श्रीराम मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां पर सभी सेन समाज के लोगो द्वारा सेन जी महाराज की आरती की आरती उपरांत महाप्रसादी ग्रहण की गई इस दौरान जावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भी सेन समाज युवा साथी बड़ी संख्या में हुए शामिल।

## 13 मई को होगा मतदान, ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलाओ घर-घर जाकर मतदाताओं को बांट रहे मतदाता पर्ची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद



लोकसभा निर्वाचन 2024 आम चुनाव मतदान 13 मई दिन सोमवार को होगा। जिसकी मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ द्वारा ग्राम खाचरोद, खामखेड़ा, रामपुर, रोल गांव, छापर, आवली खेड़ा, नौगांव, बापचा, कन्नौज शिवजी आदि गांव में घर-घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। बीएलओ बाबूलाल पेरवाल, देवेंद्र मुद्रडा, बद्री प्रसाद वर्मा, सोबाल सिंह जायसवाल, बहादुर सिंह ठाकुर, पूरन सिंह बालोदिया द्वारा घर-घर जाकर पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# नपा ने निकाली जनजागरूकता रैली, मतदान नागरिक का अधिकार व कर्त्तव्य है: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के नेतृत्व में नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा संपूर्ण नगर में पदयात्रा कर मतदाता जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली का आयोजन नगरपालिका कार्यालय के सामने शपथ लेकर प्रारंभ हुआ। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न नारों से लेस तख्तियां कर्मचारीगण अपने हाथों में लिए चल रहे थे।

वहीं स्काय लिफ्ट वाहन व जेसीबी मशीन पर मतदाता जागरूकता प्रचारक सामग्री चस्पा थी। आगे-आगे ढोल की थाप पर बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नेतृत्व में गर्मजोशी के साथ जनजागरूकता के नारे लगा रहे थे। जनजागरूकता अभियान रैली कार्यालय से प्रारंभ होकर पुराना बसस्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, सिकंदर बाजार, गंज चौराहा, गल चौराहा, बुधवारा, खत्री मार्केट, परदेशीपुरा, सिविल अस्पताल से होती हुई नपा के सामने स्थित कम्युनिटी हाल पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने कहा कि मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ ही यह एक कर्तव्य भी है।

मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें। सीएमओ श्री सक्सेना ने यह भी कहा कि मतदान दिवस 13 मई 2024 को अवकाश दिवस न माने, वोट डालने अवश्य जाएं। जनजागरूकता अभियान रैली में बड़ी संख्या में नपा कर्मचारीगण मौजूद थे।

## स्वयं सहायता समूह के माध्यम से चलाया जागरूकता अभियान

**सीहोर।** मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड सीहोर द्वारा स्वीप गतिविधि लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकासखंड सीहोर में नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम के अंतर्गत 9 सीएलएफ दुर्गावती आजीविका संकुल स्तरीय संघ सीहोर, महाराणा प्रताप आजीविका संकुल स्तरीय संघ बरखेड़ी, एकता आजीविका संकुल स्तरीय संघ बिलकिसगंज, भगत सिंह आजीविका संकुल स्तरीय संघ नापलाखेड़ी सावित्रीबाई फुले आजीविका संकुल स्तरीय संघ अहमदपुर, रानी लक्ष्मीबाई आजीविका संकुल स्तरीय संघ श्यामपुर, शिव शक्ति आजीविका संकुल स्तरीय संघ चरनाल चंद्रशेखर आजाद आजविका संकुल स्तरीय संघ थुनाकला, वीर शिवाजी आजीवीका संकुल स्तरीय संघ दौराहा के ग्रामों में आम बैठक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलाई।

# पूर्व मुख्यमंत्री के रोड शो में शामिल हुए भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रचार के अंतिम दिन दोपहर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विदिशा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने बिलकिसगंज में रोड शो। इछावर विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के नेतृत्व में हुए इस भव्य रोड शो में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने भी बिलकिसगंज पहुंचकर सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं करण सिंह वर्मा का फूल बरसाकर स्वागत किया। रोड शो के दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरोरा रथ के आगे-आगे चल रहे थे। रास्तेभर उन्होंने भी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी भी ली। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरोरा ने कहा कि भाजपा की रीति, नीति को लेकर लगातार कांग्रेस पार्टी के विधायक एवं नेता भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इस बार भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनेगी। श्री अरोरा ने कहा कि सीहोर जिले के तहत आने वाली तीनों लोकसभा सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक वोटों से जीत हासिल करेगी। इछावर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता जुटा हुआ है। बुधनी, आष्टा विधानसभा सहित सीहोर विधानसभा में भी भाजपा की प्रचंड मतों से जीत होगी। कहा कि इस बार का चुनाव सिर्फ भाजपा और कांग्रेस के बीच का चुनाव नहीं है, बल्कि इस बार का चुनाव देश की सुरक्षा, श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, देश के मान-सम्मान और सनातन धर्म का चुनाव है। यह चुनाव भारत को विश्वगुरू बनाने का चुनाव है, इसलिए सभी मतदाता ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

### एसबीएस कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं का किया सम्मान


# विद्यार्थियों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



एस.बी.एस. कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल आष्टा द्वारा कक्षा 10वीं 12वीं में प्रथम श्रेणी श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का पुष्पमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। कक्षा दसवीं की छात्रा रौनक सेन ने 92% एवं कक्षा 12वीं की छात्रा रितु पाटीदार ने 87% अंक प्राप्त कर विद्यालय में किया प्रथम स्थान प्राप्त। विद्यालय परिवार द्वारा आज कक्षा दसवीं बारहवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का पुष्प वाला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय की दसवीं कक्षा प्रथम श्रेणी में प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राएं रौनक सेन ने 92% अभिषेक वर्मा ने 91% ,गिरजा ठाकुर 90%, रौनक वर्मा 89% भावना पाटीदार 89%, रुचि वर्मा 86%, आयुष परमार 85%, विधि चन्द्रवंशी 84%, वेदिका ठाकुर 84%, कल्पना सोनगर 81%, शुभम ठाकुर 79% लक्की ठाकुर 77% अभिषेक मेवाड़ा 77% कुमकुम मेवाड़ा 76% अनुष्का ठाकुर 75% कुमकुम ठाकुर 74% यशिका ठाकुर 73% अंशदीप ठाकुर 71% शिवम वर्मा 71% पलक मेवाड़ा 71% निखिल ठाकुर 71% आयुष ठाकुर 71% ज्योति वर्मा 70% अमन कुशवाहा 70% वन्दना मेवाड़ा 69% राजविनायक ठाकुर 69% रघुवीर ठाकुर 68% जयदीप ठाकुर 68% रविन्द्र मेवाड़ा 68%सपना कुशवाहा 68% आयुष मेवाड़ा 67% यशिका ठाकुर 67% मुस्कान विश्वकर्मा 66% अस्मिता ठाकुर 66% शुभम किरार 65% सुजल ठाकुर 65% सुमित पाटीदार 65% सुमित ठाकुर 64% परी ठाकुर 64% , विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 92% रहा ,बारहवीं की कक्षा में रितु पाटीदार ने 87% सपना ठाकुर 86% शिवानी परमार 86% कशिश ठाकुर 83% अनमोल ठाकुर 83%,सृष्टि ठाकुर 81% अर्पिता ठाकुर 81% मुस्कान करमोडिया 79% प्रियांशी मालवीय 79% यशराज बड़ोदिया 78%,कुमकुम वर्मा 77% आदित्य ठाकुर 76% आर्यन ठाकुर 75% पूजा सुलिया 75% साक्षी सोजतिया 74% अंशिकावर्मा 73%दीपक ठाकुर 72% राखी पोरवाल 72% आदित्य ठाकुर 71% प्रियंका किरार 70% हर्षिता ठाकुर 70% तनु पाटीदार 69% आदर्श ठाकुर 68%, दीपक ठाकुर 68% टीना गुणवान 65% दीपक जाट 64% दुर्गेश चन्द्रवंशी 62% , सुजल पाल 62% श्रद्धा करमोदिया 62% ऋषिराज ठाकुर 61% भविष्य विश्वकर्मा 60% कृष्णपाल ठाकुर 60% अंक अर्जित कर विद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। प्रथम श्रेणी में परीक्षा पास की विद्यालय संचालक भोलू सिंह ठाकुर,सह संचालक जीवन सिंह ठाकुर ,प्राचार्य रीना ठाकुर ने विद्यालय का हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 89% आने पर विद्यार्थियों, अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। साथ ही शिक्षक महेंद्र ठाकुर ,पुष्पेंद्र ठाकुर, जितेंद्र खत्री, प्रसन्न श्रीवास्तव, धांरवा सर, शेख जावेद,राजेश बड़ोदिया,इंदर धनगर, राम विश्वकर्मा,अनिल सर,शिक्षिका पूजा सिलेरिया,अर्चना ठाकुर, तेजु मेवाड़ा, नेहा पांचाल, दिव्यांशी भूतिया, अक्षिता सेन, सरिता गौतम, पूर्वा गौतम, ज्योति जैन, रानी ठाकुर इत्यादि द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## युवा संगठन ने किया बेसहारा महिला का अंतिम संस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

स्थानीय बजरंग कालोनी में एक महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। सूत्रों से पता चला कि उक्त महिला यशोदा धुधनिया के शव का किसी कारणवश महिला के मायके और ससुराल वालो ने लेने से इनकार कर दिया। उक्त महिला की नो वर्ष की एक बेटी रिमझिम हे। ऐसे में अब इस महिला का अंतिम संस्कार कौन करेगा। तब आष्टा युवा संगठन जो कि एक समाजसेवी संगठन है। प्रकाती आपदा या अन्य किसी परिस्तिथि में यदि समाज मे सेवा की आवश्यकता हो तो कार्य करता है। उसने महिला का स्थानीय पुलिस प्रसासन व नगर पालिका कर्मचारी की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया। मृतका की बेटी रिमझिम ने उस की माता को मुखाग्नि दी। स्थानीय मुक्ति धाम पर आष्टा युवा संगठन प्रमुख आनंद गोस्वामी, अमर सांगते, गोलू घेंघट, खुशिलाल, रवि कुशवाह, मनोज गेलहोत्रे ने हिंदु रितिरिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया।